# अध्याय – 06 | ऊतक

## QUIZ-05

1. **एपिथीलियम ऊतक का मुख्य कार्य क्या है?**
   A. गति कराना
   B. सहारा देना
   C. शरीर को ढकना और रक्षा करना
   D. ऊर्जा प्रदान करना (C)

*व्याख्या :* एपिथीलियम ऊतक शरीर और आंतरिक अंगों को ढककर उनकी रक्षा करता है।

2. **श्वासनली की आंतरिक परत में कौन-सा एपिथीलियम पाया जाता है?**
   A. घनाकार एपिथीलियम
   B. स्तम्भाकार एपिथीलियम
   C. शल्की एपिथीलियम
   D. ग्रंथिल एपिथीलियम (B)

*व्याख्या :* श्वासनली में स्तम्भाकार एपिथीलियम पाया जाता है जिसमें सिलीया (Cilia) उपस्थित होते हैं।

3. **स्तरीकृत शल्की एपिथीलियम का कार्य क्या है?**
   A. भोजन का अवशोषण
   B. पाचन करना
   C. त्वचा को कटने-फटने से बचाना
   D. हार्मोन का स्रवण (C)

*व्याख्या :* स्तरीकृत शल्की एपिथीलियम त्वचा को कटने और फटने से बचाता है।

4. **घनाकार एपिथीलियम का कार्य क्या है?**
   A. अवशोषण
   B. स्रवण और यांत्रिक सहारा
   C. गति करना
   D. भोजन संचय (B)

*व्याख्या :* घनाकार एपिथीलियम मुख्यतः ग्रंथियों में पाया जाता है और यह स्रवण तथा सहारा प्रदान करता है।

5. **रक्त किस प्रकार का ऊतक है?**
   A. उपकला ऊतक    B. स्नायु ऊतक
   C. पेशी ऊतक
   D. संयोजी ऊतक (D)

*व्याख्या :* रक्त एक द्रव संयोजी ऊतक है जो शरीर में पदार्थों का परिवहन करता है।

6. **अस्थि (Bone) का मुख्य कार्य क्या है?**
   A. संदेश पहुँचाना    B. भोजन का अवशोषण
   C. शरीर को सहारा और आकार देना
   D. हार्मोन का निर्माण (C)

*व्याख्या :* अस्थि कठोर संयोजी ऊतक है जो शरीर को आकार और सहारा प्रदान करता है।

7. **दो अस्थियों को आपस में जोड़ने वाला संयोजी ऊतक कौन-सा है?**
   A. कंडरा (Tendon)    B. स्नायु (Ligament)
   C. उपास्थि (Cartilage)
   D. ऐरिओलर ऊतक (B)

*व्याख्या :* स्नायु (Ligament) दो अस्थियों को आपस में जोड़ता है।

8. **कंडरा (Tendon) का कार्य क्या है?**
   A. अस्थियों को जोड़ना
   B. अस्थियों को मांसपेशियों से जोड़ना
   C. ऊर्जा का संग्रह करना
   D. गति कराना (B)

*व्याख्या :* कंडरा अस्थियों को मांसपेशियों से जोड़ने का कार्य करता है।

9. **उपास्थि (Cartilage) कहाँ पाया जाता है?**
   A. केवल अस्थियों में    B. केवल मांसपेशियों में
   C. कान, नाक, कंठ और श्वासनली में
   D. रक्त वाहिकाओं में (C)

*व्याख्या :* उपास्थि कान, नाक, कंठ और श्वासनली में पाया जाता है और यह लचीलापन प्रदान करता है।

10. **वसामय ऊतक (Adipose Tissue) का मुख्य कार्य क्या है?**
   A. भोजन का पाचन
   B. वसा का संचय और ऊष्मा का संरक्षण
   C. हार्मोन का निर्माण
   D. रक्त का निर्माण (B)

*व्याख्या :* वसामय ऊतक वसा का संचय करता है और ऊष्मा रोधन (thermal insulation) का कार्य करता है।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App